राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–197/2024

राज्यपाल ने मंगोलिया के पेथुब मोनास्ट्री के स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया

पटना, 01 अक्टूबर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अपनी मंगोलिया यात्रा के पहले दिन उलानबटार स्थित पेथुब मोनास्ट्री के 25वें स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया। उनकी मंगोलिया के पूर्व राष्ट्रपति श्री एन० इंखबयार (N. Enkhbayar) से भी मुलाकात और वार्तालाप हुई। इससे पूर्व राज्यपाल के उलानबटार पहुँचने पर मंगोलिया में भारत के राजदूत श्री अतुल मल्हारी गोत्सुर्वे ने उनका स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल मंगोलिया की 05 दिवसीय यात्रा पर हैं। उनके साथ लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, राज्यपाल के परिसहाय (सैन्य) मेजर अर्शदीप सिंह हाँस तथा विशेष पदाधिकारी (वि०वि०) श्री प्रीतेश देसाई भी मंगोलिया गए हैं।

....